Rajasthan Patrika 30-12-2021

# दंत चिकित्सा शिविर का उठाया लाभ



**श्रीगंगानगर.** पत्रिका स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दंत जांच शिविर जांच कराते लोग।


**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com



**श्रीगंगानगर.** शिविर में बच्ची के दांतों की जांच करती चिकित्सक।

**श्रीगंगानगर.** राजस्थान पत्रिका श्रीगंगानगर के 23वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में महोत्सव के दौरान अन्य कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सुरेन्द्रा डेंटल कॉलेज की ओर से इन्दिरा वाटिका में निःशुल्क दंत जांच व परामर्श शिविर लगाया गया।

शिविर के दौरान आसपास व पार्क में घूमने वाले काफी संख्या में लोग पहुंचे। इनमें से करीब 78 व्यक्तियों के दांतों की जांच कर परामर्श दिया गया। इसके अलावा कई लोगों दांतों की बस में लगी मशीनों से सफाई भी की गई। शिविर में बच्चे, वृद्ध व महिलाओं ने अपने दांतों की जांच कराई। शिविर में डेंटल कॉलेज की टीम में करीब एक दर्जन चिकित्सक एवं अन्य शामिल हुए। जिसमें डॉ. दीक्षा गिजवानी, डॉ. हंसिका, डॉ. दीपिका चौधरी, डॉ. हरीश वैष्णव, डॉ. कार्तिक सोखल, डॉ. माया जग्गी, डॉ. कैफी गर्ग, डॉ. मानसी कथूरिया, डॉ. ज्योति रानी व डॉ. हिमानी हजारा शामिल रहीं।



## बाएं से दाएं

1. नफा, लाभ, मुनाफा (3) 3. जिसकी राय मिलती न हो (5) 7. अस्पष्ट व रुक-रुक कर बोलना (4) 8. निम्न कोटि का, तुच्छ (2) 9. सैलाब (3) 11. बिना हवा का, निर्वात ...

Director Principal
Surendera Dental College & Research Institute, SGNR

## हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए अनेक विषयों पर हुए व्याख्यान

**श्रीगंगानगर.** सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय उप क्षेत्रीय कार्यालय ...

Scanned with OKEN Scanner

SPECIAL OLYMPICS BHARAT

SPECIAL SMILES

# स्पेशल ओलम्पिक भारत ने अर्जित किए तीन वर्ल्ड रिकार्ड

**» एक लाख बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं फिटनेस प्रदर्शन कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया**

श्रीगंगानगर। भारत वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। स्पेशल ओलम्पिक भारत द्वारा अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के दिन पूरे भारत वर्ष में विभिन्न स्थानों पर मेगा स्वास्थ्य उत्सव के तहत एक लाख बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं फिटनेस प्रदर्शन कर तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड अर्जित करने में सफलता हासिल की।

स्पेशल ओलम्पिक भारत की चेयरपर्सन डॉ. मल्लिका नड्डा एवं महासचिव डॉ. डी.जी. चौधरी के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत में 75 जगहों पर 7500 चिकित्सक टीम के नेतृत्व के साथ 75 हजार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने का लक्ष्य लिया गया था, परन्तु इससे भी अधिक एक लाख बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। स्पेशल ओलम्पिक भारत राजस्थान चेप्टर द्वारा चेयरपर्सन श्रीमती विनीता आहुजा, एरिया डायरेक्टर डीके सिंह एवं समस्त कमेटी सदस्यों द्वारा इस यज्ञरूपी कार्य में आहुति दी गई। 5 जगहों पर 200 चिकित्सकों द्वारा पांच हजार बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर वर्ल्ड रिकार्ड अर्जित करने में राजस्थान प्रदेश ने भी अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े संगठनों का सहयोग रहा। महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज जयपुर, पैसेफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर, सुरेन्द्रा डेन्टल कॉलेज श्रीगंगानगर, दासवानी मेडिकल कॉलेज कोटा, कैरियर प्वाईंट कॉलेज कोटा, चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार की मेडिकल टीम, गोयल हॉस्पीटल जोधपुर, जुबिन हॉस्पीटल श्रीगंगानगर आदि ने इस कार्यक्रम में अपनी चिकित्सक टीम को निःशुल्क लगाकर पूर्ण सहयोग दिया।

Director Principal
Surendera Dental College & Research Institute, SGNR

# 'स्पेशल ओलंपिक भारत' ने एक दिन में तीन वर्ल्ड रिकार्ड बनाए

## 'स्पेशल ओलंपिक भारत' ने एक दिन में तीन वर्ल्ड रिकार्ड बनाए

श्रीगंगानगर/ हांसल न्यूज। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारतवर्ष में हुए विभिन्न कार्यक्र मों की श्रृंखला में राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण से संबद्ध दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संस्था 'स्पेशल ओलंपिक भारत' ने एक दिन में 75 हजार से अधिक दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर फिटनेस प्रशिक्षण देकर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड, वर्ल्ड टेलेन्ट ऑर्गेनाइजेशन (यूएसए), तथा एशिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में नाम दर्ज कराने में सफलता प्राप्त की है। 'स्पेशल ओलंपिक भारत' के राजस्थान राज्य के एरिया डायरेक्टर श्री डी.के. सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्पेशल ओलंपिक भारत की चेयरपर्सन डॉ. मल्लिका नड्डा तथा महासचिव डॉ. डी.जी. चौधरी के नेतृत्व में चयनित 75 शहरों में दिव्यांग बच्चों के लिये एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण व फिटनेस प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये। इनमें 75 हजार दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने व फिटनेस



प्रशिक्षण दिये जाने का लक्ष्य था, जिसे पूरा करते हुए तीन वर्ल्ड रिकार्ड बनाने में सफलता प्राप्त की। श्री सिंह ने बताया कि इन शिविरों में 7500 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 75 हजार बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविरों में चेयरपर्सन श्रीमती विनीता आहुजा, एरिया डायरेक्टर श्री डी.के. सिंह सहित कमेटी सदस्यों के नेतृत्व में श्रीगंगानगर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर तथा कोटा में आयोजित शिविरों में 250 चिकित्सकों की टीम ने पांच हजार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाने में योगदान दिया।

**इन संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान:** जन सम्पर्क अधिकारी श्री अमित खान ने बताया कि श्रीगंगानगर में आयोजित शिविर में श्री जगदंबा अंध एवं मूक बधिर विद्यालय, तपोवन मनोविकास विद्यालय, नवचेतना सोसायटी, मानसी संस्थान, सौगात एवं जुबिन संस्थान तथा आर्मी विशेष विद्यालय साधुवाली के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समस्त शिविरों में भोजन व्यवस्था विप्र समाज के श्री सुशील ओझा के नेतृत्व में की गई। शिविरों में महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर, पैसेफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर, सुरेंद्रा डेंटल कॉलेज श्रीगंगानगर, दासवानी मेडिकल कॉलेज कोटा, गोयल हॉस्पीटल जयपुर तथ जुबिन हॉस्पीटल श्रीगंगानगर आदि के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने टीम सहित निःशुल्क सेवाएं दीं। कार्यक्र म में शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, समग्र शिक्षा अभियान आदि का सहयोग रहा। एरिया डायरेक्टर श्री डीके सिंह ने समस्त सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Director/Principal
Surendera Dental College & Research Institute, SGNR

# 'स्पेशल ओलंपिक भारत' ने एक दिन में तीन वर्ल्ड रिकार्ड बनाए

**» एक दिन में रिकार्ड 75 हजार से अधिक दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर फिटनेस प्रशिक्षण दिया » राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण से संबद्ध है 'स्पेशल ओलंपिक भारत'**

अनूपगढ़ ज्योति न्यूज

श्रीगंगानगर। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारतवर्ष में हुए विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण से संबद्ध दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में जोडने के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संस्था 'स्पेशल ओलंपिक भारत' ने एक दिन में 75 हजार से अधिक दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर फिटनेस प्रशिक्षण देकर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड, वर्ल्ड टैलेन्ट ऑर्गेनाइजेशन (यूएसए), तथा एशिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में नाम दर्ज कराने में सफलता प्राप्त की है। 'स्पेशल ओलंपिक भारत' के राजस्थान राज्य के एरिया डायरेक्टर डी.के. सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्पेशल ओलंपिक भारत की चेयरपर्सन डॉ. मल्लिका नड्डा तथा महासचिव डॉ. डी.जी. चौधरी के नेतृत्व में चयनित 75 शहरों में दिव्यांग बच्चों के लिये एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण व फिटनेस प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये। इनमें 75 हजार दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने व फिटनेस प्रशिक्षण दिये जाने का लक्ष्य था, जिसे पूरा करते हुए तीन वर्ल्ड रिकार्ड बनाने में सफलता प्राप्त की। सिंह ने बताया कि इन शिविरों में 7500 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 75 हजार बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविरों में चेयरपर्सन श्रीमती विनीता आहुजा, एरिया डायरेक्टर डी.के. सिंह सहित कमेटी सदस्यों के नेतृत्व में श्रीगंगानगर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर तथा कोटा में आयोजित शिविरों में 250 चिकित्सकों की टीम ने पांच हजार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाने में योगदान दिया।



**इन संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदानः** जन सम्पर्क अधिकारी अमित खान ने बताया कि श्रीगंगानगर में आयोजित शिविर में जगदंबा अंध एवं मूक बधिर विद्यालय, तपोवन मनोविकास विद्यालय, नवचेतना सोसायटी, मानसी संस्थान, सौगात एवं जुबिन संस्थान तथा आर्मी विशेष विद्यालय साधुवाली के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समस्त शिविरों में भोजन व्यवस्था विप्र समाज के सुशील ओझा के नेतृत्व में की गई। शिविरों में महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर, पैसेफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर, सुरेंद्रा डेंटल कॉलेज श्रीगंगानगर, दासवानी मेडिकल कॉलेज कोटा, गोयल हॉस्पीटल जयपुर तथ जुबिन हॉस्पीटल श्रीगंगानगर आदि के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने टीम सहित निःशुल्क सेवाएं दीं। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, समग्र शिक्षा अभियान आदि का सहयोग रहा। एरिया डायरेक्टर डीके सिंह ने समस्त सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Director Principal
Surendera Dental College
Research Institute, SGNR

सांध्य
एक्टिव सन्देश

# स्पेशल ओलम्पिक भारत ने तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड अर्जित किए

श्रीगंगानगर। भारत वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। स्पेशल ओलम्पिक भारत द्वारा अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के दिन पूरे भारत वर्ष में विभिन्न स्थानों पर मेगा स्वास्थ्य उत्सव के तहत एक लाख बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं फिटनेस प्रदर्शन कर तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड अर्जित करने में सफलता हासिल की। स्पेशल ओलम्पिक भारत की चेयरपर्सन डॉ. मल्लिका नड्डा एवं महासचिव डॉ. डी.जी. चौधरी के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत में 75 जगहों पर 7500 चिकित्सक टीम के नेतृत्व के साथ 75 हजार बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने का लक्ष्य लिया गया था, परन्तु इससे भी अधिक एक लाख बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। स्पेशल ओलम्पिक भारत राजस्थान चेप्टर द्वारा चेयरपर्सन मती विनीता आहुजा, एरिया डायरेक्टर डीके सिंह एवं समस्त कमेटी सदस्यों द्वारा इस यज्ञरूपी कार्य में आहुति दी गई। 5 जगहों पर 200 चिकित्सकों द्वारा पांच हजार बच्चों का निन्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर वर्ल्ड रिकार्ड अर्जित करने में राजस्थान प्रदेश ने भी अपना योगदान दिया। राजस्थान में मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन गंगानगर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर एवं कोटा में किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े संगठनों का सहयोग रहा। महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज जयपुर, पैसेफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर, सुरेन्द्रा डेन्टल कॉलेज गंगानगर, दासवानी मेडिकल कॉलेज कोटा, कैरियर प्वाइंट कॉलेज कोटा, चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार की मेडिकल टीम, गोयल हॉस्पीटल जोधपुर, जुविन हॉस्पीटल गंगानगर आदि ने इस कार्यक्रम में अपनी चिकित्सक टीम को निन्शुल्क लगाकर पूर्ण सहयोग दिया। विप्र समाज द्वारा पूरे राजस्थान में सभी स्थानों पर बच्चों, अभिभावकों एवं कार्यकर्ताओं के लिए खाने की व्यवस्था मुहैया करवाई गई, जो अपने आप में एक अनूठी पहल थी। भोजन व्यवस्था की सेवा का कार्य सुशील ओझा कोलकत्तावाले के नेतृत्व में किया गया। शहर के अन्य दानदाताओं ने भी इस कार्यक्रम में अपना अमूल्य सहयोग और समय देकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफल बनाया। प्रदेश के विभिन्न आयोजक जिलों में जिला प्रशासन का भी सराहनीय योगदान रहा। एरिया डायरेक्टर राजस्थान डी.के. सिंह द्वारा शानदार आयोजन के लिए समस्त सहयोगकर्ताओं एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया गया तथा समाज में एकजुटता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ-साथ उन्होंने परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों को साधुवाद दिया।

Director Principal
Surendera Dental College &
Research Institute, SGNR